*Dr. Krishna singh*
*G.L*
*Hindi Dept.*
*Raniganj Girl's College*
*Hindi ( hns )VI th semester - Topic -आलोचना , class 1*

- *आलोचना किसे कहते है या आलोचना के अर्थ स्पष्ट कीजिए ।*

  \# आलोचना का शाब्दिक अर्थ है - मूल्यांकन करना । आलोचना रचनात्मक साहित्य का प्रमुख अंग है । 'आलोचना' शब्द लुच्च धातु से बना है । लुच्च का अर्थ है ' देखना ' । देखना से अभिप्राय है उसकी व्याख्या करना , मूल्यांकन करना । हिंदी में आलोचना शब्द अंग्रेजी के ' क्रिटिसिज्म ' के पर्याय रूप में प्रयुक्त होता है । हिन्दी में आलोचना शब्द के लिए समालोचना , समीक्षा शब्दों का भी प्रयोग होता है । आलोचना का अर्थ साहित्य की गुणवत्ता का मूल्यांकन कर उसके गुण-दोषों का विश्लेषण करना है । आलोचना का ये अर्थ नहीं है कि आलोचक अपने बारे में ही कहें , बल्कि यह है कि वह गहन अध्ययन कर रचना के गुण-दोषों का उचित मूल्यांकन प्रस्तुत करें । आलोचना का अर्थ किसी वस्तु अथवा रचना को मर्यादित या नियंत्रित दृष्टि से देखना होता है ।